भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2446
सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023/27 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विशाखापत्तनम को पर्यटक हब के रूप में विकसित करना

†2446. डॉ. बेसेट्टी वेंकट सत्यवती:
क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोविड-19 के पश्चात् विशाखापत्तनम में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में हुई वृद्धि का ब्यौरा क्या है;

(ख) स्वदेश दर्शन योजना के तहत विशाखापत्तनम को पर्यटक हब के रूप में विकसित करने के लिए उपलब्ध कराई गई राशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस पर्यटक हब के विकास में मदद करने वाली अन्य कौन सी योजनाएं हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): 2019-2022 के दौरान विजाग में घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) का ब्यौरा नीचे दिया गया है-

(लाख में)

वर्ष	डीटीवी	एफटीवी	पिछले वर्ष की तुलना में % परिवर्तन	
			डीटीवी	एफटीवी
2019	273.12	1.09	-	-
2020	101.57	0.30	-62.81	-72.48
2021	149.20	0.19	46.89	-36.67
2022	162.51	0.46	8.92	142.11

स्रोत: राज्य पर्यटन विभाग।

(ख): आंध्र प्रदेश राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है। पर्यटन मंत्रालय ने देश में स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन योजना 2.0 (एसडी2.0) का नया रूप दिया है और एसडी 2.0 के तहत आंध्र प्रदेश में विकास के लिए गंतव्यों के रूप में गंडिकोटा, अरक्कू-लंबासिंगी को अधिसूचित किया है।

(ग) पर्यटन मंत्रालय ने प्रशाद योजना के अंतर्गत विकास के लिए आंध्र प्रदेश राज्य में निम्नलिखित परियोजनाओं की पहचान की है:-

i. अन्नावरम, काकीनाडा जिला
ii. वेदगिरी लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर, नेल्लोर जिला

आंध्र प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना विकास योजनाओं के लिए प्रशाद और केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध-**II** में दिया गया है।

****

अनुबंध-**I**

डॉ. बेसेट्टी वेंकट सत्यवती द्वारा विशाखापत्तनम को पर्यटक हब के रूप में विकसित करना के संबंध में दिनांक 18.**12**.202**3** को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †2446 के भाग (ख) के उत्तर में विवरण

आंध्र प्रदेश राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
1	काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अदुरु - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास	67.83	67.83
2	नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्लामाडुगु जल प्रपात - नेलापट्टू - कोथाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास	49.55	49.55
3	बौद्ध परिपथ का विकास: शालिहुंडम- बाविकोंडा- बोज्जनाकोंडा-अमरावती-अनुपू	35.24	28.19
	कुल	152.62	145.57

"बौद्ध परिपथ का विकास: शालिहुंडम-बाविकोंडा-बोज्जनाकोंडा-अमरावती-अनुपू" परियोजना का गंतव्य-वार विवरण

क्र.सं.	जिला	गंतव्य	स्वीकृति लागत (करोड़ रु.)	प्रमुख घटक
1	श्रीकाकुलम	शालिहुंडम	2.27	**i.** पर्यटक सुविधा केंद्र **ii.** खुली पार्किंग **iii.** स्मारक पर प्रकाश व्यवस्था **iv.** प्रवेश द्वार **v.** सीसीटीवी तथा वाईफाई
2	विशाखापट्टनम	बाविकोंडा	2.61	**i.** पर्यटक सुविधा केंद्र **ii.** खुली पार्किंग **iii.** स्मारक पर प्रकाश व्यवस्था **iv.** प्रवेश द्वार **v.** सीसीटीवी तथा वाईफाई

3	विशाखापट्टनम	बोज्जनाकोंडा	7.32	i. पर्यटक सुविधा केंद्र ii. खुली पार्किंग iii. स्मारक पर प्रकाश व्यवस्था iv. लाइट एंड साउंड शो v. प्रवेश द्वार vi. सीसीटीवी तथा वाईफाई
4	गुंटूर	अमरावती	15.98	i. ध्यान बुद्ध वनम में (पार्क बौद्ध) संरचना, सेवाएं, लैंडस्केपिंग शामिल हैं, ii. खुली पार्किंग iii. स्मारक पर प्रकाश व्यवस्था iv. लाइट एंड साउंड शो v. प्रवेश द्वार
5	गुंटूर	अनुपू	5.37	i. पर्यटक सुविधा केंद्र ii. खुली पार्किंग iii. स्मारक पर प्रकाश व्यवस्था iv. प्रवेश द्वार v. फ्लोटिंग जेट्टी **(2)**

****

अनुबंध-II

डॉ. बेसेट्टी वेंकट सत्यवती द्वारा विशाखापत्तनम को पर्यटक हब के रूप में विकसित करना के संबंध में दिनांक 18.**12**.202**3** को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †2446 के भाग (ग) के उत्तर में विवरण

आंध्र प्रदेश राज्य के लिए प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत
1	अमरावती शहर, गुंटूर जिले का एक पर्यटक स्थल के रूप में विकास	2015-16	27.77
2	श्रीशैलम मंदिर का विकास	2017-18	43.08
3	विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारीदेवस्थानम	2022-23	54.04

आंध्र प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(लाख रु. में)

क्र.सं.	वर्ष	परियोजना का नाम	एजेंसी	स्वीकृत राशि
1.	2017-18	पुट्टपर्थी, आंध्र प्रदेश में साउंड एंड लाइट शो	आईटीडीसी	708.67
2.	2018-19	पटनम पत्तन के बाहरी बंदरगाह में चैनल बर्थ पर क्रूज बर्थ का निर्माण	विशाखापट्टनम पोर्ट ट्रस्ट	3850.00

आंध्र प्रदेश में आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों और महोत्सवों के आयोजन के लिए सहायता सूची

(लाख रु. में)

वर्ष	मेलों और महोत्सवों के नाम	स्वीकृत राशि
2014-15	नेल्लोर जिले में फ्लेमिंगो महोत्सव	10.00
	अनंतपुर जिले में लेपाक्षी महोत्सव	10.00
	पूर्वी गोदावरी जिले में काकीनाडा समुद्र तट महोत्सव	10.00
2016-17	आंध्र प्रदेश के अमरावती, विजयवाड़ा, श्रीशैलम में कृष्ण पुष्करमा के अवसर पर पर्यटन कार्यक्रम	25.00

*****